FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना नसीरपुर दिनांक 02-07-2026 जनपद फिरोजाबाद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में एसओजी / सर्विलांस व थाना नसीरपुर पुलिस टीम द्वारा कन्टेनर (HR55AJ 8022) में ले जाया जा रहा 03 कुन्टल,69 किलो 92 ग्राम (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 03 करोड़ रूपये) अवैध गांजे व दो अदद मोबाइल सहित एक गांजा तस्कर पन्नालाल गिरफ्तार।

- **सक्रीय तस्कर उड़ीसा से सस्ते रेट में गांजा खरीदकर 4-5 गुना मंहगे रेट पर बेचते हैं।**
- **पकड़े गये गांजे की अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 03 करोड़ रूपये।**
- **अवैध गांजे को कैंटर में छिपाकर अवैध तस्करी हेतु ले जा रहे थे।**
- **उडीसा से कम कीमत पर लाकर उच्चस्तरीय कीमत पर विक्रय कर युवापीढी को बना रहे थे नशे का आदी, कर रहे थे युवापीढी का भविष्य बर्बाद।**
- **पुलिस टीम द्वारा इसके अन्य साथियों / मादक तस्करों की भी तलाश है जारी..........**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में अवैध गांजा की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के पर्यवेक्षण मे दिनांक 02.07.26 को एसओजी टीम, सर्विलांस टीम व थाना नसीरपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक नफर अभियुक्त पन्नालाल पुत्र वासुदेव निवासी ग्राम विरामपुर थाना कोतवाली देहात जिला एटा को समय प्रात: 06.50 बजे नगला गुंज आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे करनपुर मार्ग की पुलिया के पास मय गाडी न0 HR55AJ 8022 कन्टेनर पार्सल के गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त पन्नालाल उपरोक्त के कब्जे से 03 कुन्टल,69 किलो 92 ग्राम (कीमत करीब 03 करोड़ रूपये) अवैध गांजा व दो अदद मोबाइल बरामद हुआ जिसके सम्बन्ध में थाना नसीरपुर पर मु0अ0स0 151/26 धारा 8/20/29/60 NDPS ACT पंजीकृत किया गया है। पकडे गये अभियुक्त से पूछताछ की गयी तो बताया कि गांजे को उडीसा से सस्ते दामों पर लाकर यहाँ पुडिया बनाकर मंहगे दामों पर बेचते हैं। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-

1-पन्नालाल पुत्र वासुदेव निवासी ग्राम विरामपुर थाना कोतवाली देहात जिला एटा।

बरामदगीः-

1-03 कुन्टल,69 किलो 92 ग्राम (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 03 करोड़ रूपये) अवैध गांजा।

2-एक कन्टेनर नम्बर HR55AJ 8022

3-दो अदद मोबाइल

आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0स0 151/26 धारा 8/20/29/60 NDPS ACT थाना नसीरपुर फिरोजाबाद

2.मु0अ0स0 36/19 धारा 279/427 भादवि0 थाना कोतवाली छिवरामऊ कन्नौज

3.मु0अ0स0 60/22 धारा 20(B)(2)C/25/27/29 NDPS ACT थाना पदमपुर जिला रायगढ उड़ीसा

4.मु0अ0स0 473/14 धारा 384/394 भादवि0 थाना कोतवाली देहात जनपद एटा

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1--प्रभारी सर्विलांस श्री मुकेश कुमार मय सर्विलांस टीम फिरोजाबाद।

2-उ0नि0 मौ0 अकरम मय एसओजी टीम फिरोजाबाद।

3-उ0नि0 देवेश कुमार सर्विलांस टीम फिरोजाबाद।

4-प्रभारी I/C उ0नि0 श्री सतेन्द्र कुमार थाना नसीरपुर फिरोजाबाद।

5--उ0नि0 श्री अजय कुमार थाना नसीरपुर फिरोजाबाद।

6--हे0का0 679 एस कुमार थाना नसीरपुर फिरोजाबाद।

7--का0 463 संदीप यादव थाना नसीरपुर फिरोजाबाद

8--का0 901 शैलेश कुमार थाना नसीरपुर फिरोजाबाद।